




**नवभारत**

भोपाल, गुरुवार, 13 अगस्त, 2026


# देशभक्ति के जोश में निकली तिरंगा साइकिल रैली

## ■ वंदे मातरम् के जयघोष से गूंजा शहर ■ विधायक, कलेक्टर समेत अनेक लोग हुए शामिल



**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर,12 अगस्त. हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को जिला प्रशासन एवं नगर पालिका के संयुक्त तत्वावधान में उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 से भव्य तिरंगा साइकिल रैली निकाली गई. रैली में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेट्स और बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.**

रैली का शुभारंभ छतरपुर विधायक ललिता यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया और कलेक्टर मृणाल मीणा ने वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के बाद हरी झंडी दिखाकर किया.रैली उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 से शुरू होकर छत्रसाल चौराहा, महल रोड, प्रताप सागर तालाब और पुलिस लाइन होते हुए वापस विद्यालय पहुंची.रैली में एसपी रजत सकलेचा, जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, एडीएम विनय द्विवेदी, एएसपी आदित्य पाटले, सीएमओ माधुरी शर्मा सहित अधिकारी-कर्मचारी और समाजसेवी शामिल हुए.हाथों में तिरंगा लेकर साइकिल पर निकले लोगों के बीच देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला.

रैली के दौरान 'वंदे मातरम्' और देशभक्ति के नारों से शहर गूंज उठा.प्रतिभागियों ने नागरिकों को हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने और स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया.रैली के समापन पर तिरंगा सेल्फी पॉइंट पर प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सेल्फी भी ली.

### लवकुश नगर से निकली तिरंगा यात्रा



**लवकुशनगर, 12 अगस्त.** कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देशन में नगर परिषद लवकुशनगर द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई.यात्रा का शुभारंभ राष्ट्रगीत के साथ हुआ. इसमें स्कूली विद्यार्थियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और बड़ी संख्या में नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. तिरंगा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी.हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर शामिल हुए विद्यार्थियों और नागरिकों ने देशभक्ति के नारे लगाए, जिससे पूरा नगर राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नजर आया.यात्रा का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को मजबूत करना रहा. कार्यक्रम में एसडीएम आयुष जैन, एसडीओपी नवीन दुबे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी महादेव अवस्थी, नायब तहसीलदार कमल किशोर शर्मा सहित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और शासकीय कन्या विद्यालय के प्राचार्य एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे.यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और गौरव को बनाए रखने का संकल्प लिया.विद्यार्थियों और नागरिकों की बड़ी सहभागिता से हर घर तिरंगा अभियान को लेकर उत्साह देखने को मिला.

### वंदे मातरम् से गूंजा बारीगढ़

**छतरपुर/बारीगढ़.** हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर परिषद बारीगढ़ से तिरंगा यात्रा निकाली गई.यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गांधी चौक पहुंची, जहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा का समापन किया गया.यात्रा के दौरान हाथों में तिरंगा लिए विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने देशभक्ति के नारे लगाए.वंदे मातरम्के जयघोष से पूरा नगर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया. कलेक्टर मृणाल मीणा ने जिलेवासियों से अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने और अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की है.उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करना है.यात्रा में नगर परिषद अध्यक्ष कुमारी आरती अहिरवार, उपाध्यक्ष दीप्ति चंद्रभान सिंह, सीएमओ अजय अग्निहोत्री, पार्षदगण बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे.



# छात्रों की शिकायत पर छात्रावास अधीक्षक को किया सस्पेंड

**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 12 अगस्त.** शासकीय अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास क्रमांक-2, देरी रोड में रहने वाले छात्रों की शिकायत के बाद कलेक्टर मृणाल मीना ने छात्रावास अधीक्षक एवं प्राथमिक शिक्षक आशीष कुमार शुक्ला को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है.छात्रों ने आवेदन देकर अधीक्षक पर अनुचित आचरण, अनुचित बातचीत और अनुचित स्पर्श सहित शारीरिक एवं मानसिक शोषण के गंभीर आरोप लगाए थे.

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) द्वारा जांच की जा रही है.जांच निष्पक्ष तरीके से हो और संबंधित व्यक्ति की ओर से किसी प्रकार का हस्तक्षेप न हो, इसके लिए अधीक्षक को छात्रावास में पदस्थ रखना उचित नहीं माना गया. छात्रों के आवेदन और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर

- **अनुचित आचरण और शोषण के गंभीर आरोप**
- **पुलिस और बाल कल्याण समिति कर रही है जांच**

आशीष शुक्ला प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए.उनके आचरण को पदीय दायित्वों के निर्वहन में स्वेच्छाचारिता और अनुशासनहीनता मानते हुए मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 तथा छात्रावास नियम, 2014 के प्रावधानों के विपरीत माना गया. कलेक्टर ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9 के तहत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए उन्हें निलंबित किया है.निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा और उनका मुख्यालय संभागीय उपायुक्त, जनजातीय एवं अनुसूचित जाति विकास, सागर संभाग, सागर कार्यालय निर्धारित किया गया है.पुलिस और बाल कल्याण समिति की जांच के बाद सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी.

### एक नजर में



### फर्जी किन्नर बनकर वसूली का आरोप,पिटाई

**छतरपुर.** रुद्राक्ष होटल के पास फोरलेन के नीचे फर्जी किन्नर बनकर राहगीरों से वसूली किए जाने का मामला सामने आया है .जानकारी के अनुसार कुछ लोग किन्नर का रूप धारण कर लोगों से पैसे मांग रहे थे . इसकी जानकारी मिलने पर किन्नर समाज के लोग मौके पर पहुंचे और कथित फर्जी किन्नरों को पकड़ लिया .इस दौरान उनके साथ मारपीट किए जाने की बात भी सामने आई है .मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक, बाद में संबंधित लोगों को पुलिस थाने ले जाया गया .हालांकि, मामले में पुलिस की ओर से अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है .पुलिस की जांच और कार्रवाई के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट होगी .

### 15 अगस्त को जिले में शुष्क दिवस घोषित

**सीहोर.** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बालागुरु के. ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है. शुष्क दिवस में जिले की सभी 71 कंपोजिट मदिरा दुकानें, होटल बार, रिसोर्ट बार, गोदाम एवं देशी मद्य भण्डागार बंद रहेंगे .

### त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आज

**सीहोर.** आगामी त्योहारों मिलाद उन नबी, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, गणेशोत्सव, श्वेतांबर-दिगंबर जैन धर्म पर्युषण महापर्व, अनंत चतुर्दशी, नवरात्र, विजया दशमी आदि को शान्ति पूर्वक मनाने गुरुवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी .



# 9 पेटी अवैध शराब जब्त

## नौगांव पुलिस ने दबिश देकर 25 हजार की शराब पकड़ी

**नवभारत न्यूज**

**नौगांव, 12 अगस्त.** पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम मऊसानिया में एक व्यक्ति के घर से 9 पेटी अवैध शराब जब्त की है.जब्त शराब की कीमत करीब 25 हजार रुपए बताई गई है.पुलिस ने मौके से 40 वर्षीय प्रमोद साहू उर्फ कल्लू को गिरफ्तार किया है.

- **आरोपी गिरफ्तार, आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज**

नौगांव थाना प्रभारी संजय राय के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि प्रमोद साहू अपने घर अवैध रूप से शराब बेच रहा है.सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दबिश दी. तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 9 पेटी अवैध शराब बरामद हुई.पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है.आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. यह कार्रवाई नौगांव एसडीओपी अमित मेश्राम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी संजय राय एवं पुलिस टीम द्वारा की गई।

### एनटीपीसी प्लांट से केबल चोरी करने वाले दो चोर गिरफ्तार


**छतरपुर, 12 अगस्त.** बमीठा थाना पुलिस ने एनटीपीसी प्लांट बसारी से केबल चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है .पुलिस ने दोनों आरोपियों को वारदात के दो दिन के भीतर पकड़ने में सफलता हासिल की .आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई केबल बरामद की गई है .इसके साथ ही चोरी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी पुलिस ने जब्त की है .पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है .पुलिस की त्वरित कार्रवाई से चोरी की घटना का खुलासा हुआ .मामले में आरोपियों से पूछताछ कर चोरी से जुड़े अन्य तथ्यों की जानकारी जुटाई जा रही है .

# कैदी वार्ड में वीआईपी ट्रीटमेंट का वीडियो वायरल

**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 12 अगस्त.** जिला अस्पताल के कैदी वार्ड में भर्ती एक कैदी को कथित रूप से वीआईपी सुविधा दिए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं.वायरल वीडियो में अस्पताल में पदस्थ नर्स सायना कैदी वार्ड के एक कमरे में नजर आ रही हैं.कमरे के बाहर पुलिसकर्मियों की मौजूदगी भी बताई जा रही है.

- **नर्स की कैदी से मुलाकात पर उठे सवाल**
- **कलेक्टर ने सीएमएचओ को सौंपी जांच**




बताया गया कि टोरिया मोहल्ले के चर्चित विवाद में सजा काट रहे कैदी निसार खान की तबीयत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल के कैदी वार्ड में भर्ती कराया गया था.वीडियो सामने आने के बाद नर्स सायना ने निसार खान को अपना पति बताया है.उनका कहना है कि दोनों के बीच तलाक की प्रक्रिया चल रही है और इलाज के दौरान वह वहां मौजूद थीं.

मामला सामने आने के बाद कलेक्टर मृणाल मीणा ने सीएमएचओ डॉ. राजेंद्र गुप्ता को पूरे प्रकरण की जांच कर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं.उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी कैदी वार्ड से ऐसे वीडियो सामने आ चुके हैं, जिन पर प्रशासन कार्रवाई कर चुका है.

### 17 अगस्त को निकलेगी कांवड़ यात्रा

**हरपालपुर.** कांवड यात्रा का आयोजन 17 अगस्त को किया जा रहा है. इस यात्रा में आसपास के क्षेत्र के सैकड़ों शिव भक्त शामिल होंगे. ग्राम लाहदरा धसान नदी से जल लेकर श्रद्धालु सिद्ध धाम सरसेड के लिए पैदल निकलेंगे.उप्र के काशीपुरा मंदिर में भोलेनाथ के दर्शन कर विधि विधान से पूजा - अर्चना एवं जलाभिषेक करेंगे. श्रद्धालु परिवार और क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन की कामना करते हुए भगवान शिव से खुशहाली और कल्याण की कामना के लिए प्रार्थना करेंगे.

### केन-बेतवा लिंक परियोजना का मामला

# 27 को 3 .05 करोड़ स्वीकृत

**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 12 अगस्त.** कलेक्टर मृणाल मीणा ने केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित लोगों के मुआवजा एवं पुनर्वास के लिए 27 व्यक्तियों के पक्ष में 3 करोड़ 5 लाख 94 हजार 48 रुपए की राशि स्वीकृत की है.यह राशि पूर्व में पारित अवार्ड से संबंधित चार गांवों के पात्र प्रभावितों को दी जाएगी.

ग्रामवार स्वीकृति में नैगुवां के 13 व्यक्तियों के लिए 1 करोड़ 62 लाख 50 हजार रुपए, भौरखुंवा के 7 व्यक्तियों के लिए 87 लाख 50 हजार रुपए, घुघरी के 4 व्यक्तियों के लिए 50 लाख रुपए तथा खरयानी के 3 व्यक्तियों के लिए 5 लाख 94 हजार 48 रुपए स्वीकृत किए गए हैं .इसके अलावा ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना के अंतर्गत बराखेरा गांव के 3 पात्र प्रभावितों के लिए 1 लाख 10 हजार 296 रुपए की राशि स्वीकृत की गई है . इस प्रकार दोनों परियोजनाओं के तहत कुल 30 प्रभावित व्यक्तियों के लिए 3 करोड़ 7 लाख 4 हजार 344 रुपए की राशि स्वीकृत हुई है .स्वीकृत राशि निर्धारित प्रक्रिया के तहत संबंधित पात्र व्यक्तियों को प्रदान की जाएगी .

**समीक्षा बैठक** ▶ **गर्भवती महिलाओं और बच्चों की निगरानी के निर्देश**

# पोषण ट्रैकर के डाटा का होगा सत्यापन

**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 12 अगस्त. कलेक्टर मृणाल मीणा ने जिला पंचायत सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक लेकर गर्भवती महिलाओं और बच्चों की पोषण स्थिति की नियमित निगरानी के निर्देश दिए.उन्होंने कहा कि पोषण ट्रैकर पर किसी भी प्रकार का फर्जी या अप्रमाणित डाटा दर्ज नहीं होना चाहिए.**

कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के डाटा का मिलान कराने के निर्देश दिए.उन्होंने कम वजन बढ़ने वाली महिलाओं की सूची तैयार कर नियमित फॉलोअप और पोषण सुधार के प्रयास करने को कहा.गौरिहार और बक्सवाहा क्षेत्र में ऐसे मामलों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए.आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सुपरवाइजर की सीडीपीओ द्वारा महीने में दो बार बैठक लेने तथा मंगल दिवस आयोजित करने को कहा गया.बच्चों की पोषण स्थिति की ब्लॉकवार निगरानी, एमएमबीएसके में शत-प्रतिशत पंजीयन और सैम बच्चों के उपचार एवं रिकवरी पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए.बड़ामलहरा क्षेत्र में कम रिकवरी दर वाले बच्चों पर विशेष निगरानी के लिए कहा गया.

**कलेक्टर ने दिए निर्देश**

- **सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय सीमा में हो निराकरण**
- **पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर दिलाया जाए**
- **सैम बच्चों के उपचार एवं रिकवरी पर विशेष ध्यान दिया जाए**

कलेक्टर ने लाड़ली लक्ष्मी योजना के लंबित भुगतान और मातृ वंदना योजना के आधार मिसमैच वाले प्रकरणों के लिए विशेष अभियान चलाकर जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए.सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का भी समय-सीमा में समाधान करने को कहा.

सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिका और जल संरक्षण के कार्य प्राथमिकता से कराने के निर्देश दिए गए.कलेक्टर ने अधिकारियों को आंगनवाड़ी सेवाओं की नियमित निगरानी करते हुए पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर दिलाने के निर्देश दिए.

### नायब तहसीलदारों की नई पदस्थापना

**छतरपुर, 12 अगस्त.** राजस्व विभाग के स्थानांतरण और पदोन्नति आदेशों के पालन में जिले में नायब तहसीलदारों की नई पदस्थापना की गई है.अपर कलेक्टर विनय द्विवेदी ने आदेश जारी कर अधिकारियों को विभिन्न तहसीलों और मंडलों में पदस्थ किया है.त्रिलोक सिंह पूषाम को प्रभारी तहसीलदार बक्स्वाहा, हरिनारायण शर्मा को छतरपुर नगर के मंडल ब्रजपुरा, जयहिन्द सिंह घोष को छतरपुर ग्रामीण के मंडल महेवा, मल्लूप्रसाद कोल को राजनगर के मंडल ललपुर और रामदयाल सिंह को लवकुशनगर के मंडल पठा की जिम्मेदारी दी गई है.आदेश तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक लागू रहेगा.संबंधित अधिकारियों को नई पदस्थापना पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं.आदेश की प्रतिलिपि संभागायुक्त, संबंधित एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई है.

# बच्चों को वितरित की शिक्षण सामग्री



**सीहोर 12 अगस्त. जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती का जन्मदिन सामाजिक सरोकार और सेवा की अनूठी पहल के साथ मनाया गया. राजीव गुजराती की अपील पर कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने फूल-मालाओं व गुलदस्तों के बजाय जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा के लिए सहयोग करने का संकल्प लिया. इस पहल के तहत जन्मदिन को सेवा और शिक्षा दिवस के रूप में मनाया गया.**

जिला कांग्रेस अध्यक्ष की इस पहल को एनएसयूआई और युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आगे बढ़ाया. कार्यकर्ताओं ने 36 से अधिक चिन्हित स्थानों और बस्तियों में पहुंचकर जरूरतमंद विद्यार्थियों को कॉपियां, किताबें, पेंसिल एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की. इस दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली. जिले भर से कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं शुभचिंतक राजीव गुजराती को जन्मदिन की बधाई देने पहुंचे. कार्यकर्ताओं ने फिजूलखर्ची से बचते हुए बच्चों के लिए शिक्षण सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान की, जिसे जरूरतमंद विद्यार्थियों तक पहुंचाया गया. इस अवसर पर कांग्रेसजन, पार्षद, एनएसयुआई एवं युवक कांग्रेस के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### फ्यूल बैंक खाते खुलवाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सीहोर.** साइबर अपराधियों के लिए यूल बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले मु य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी लोगों को रुपयों का लालच देकर उनके नाम से बैंक खाते खुलवाता था और बाद में पासबुक, एटीएम कार्ड, नेट बैंकिंग तथा पासवर्ड अपने कब्जे में लेकर इन खातों का इस्तेमाल साइबर अपराधियों के रुपयों के लेन-देन के लिए करता था. पुलिस की जांच में अब तक एक ऐसे खाते में करीब 4 लाख 93 हजार 600 रुपए के ट्रांजेक्शन का खुलासा हुआ है. पुलिस ने आरोपी सुंदरलाल अहिरवार पिता तुलसीराम अहिरवार निवासी संजय कॉलोनी मंडी को गिरफ्तार किया. फ्लूल खाते से 2 लाख 18 हजार 800 रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ है. जांच में अब तक उक्त यूल खाते में कुल 4 लाख 93 हजार 600 रुपए का ट्रांजेक्शन सामने आया है. पुलिस को खाते से जुड़े अन्य आरोपियों और हैंडलरों की संलिप्तता की भी आशंका है.